Nai Dunia (Indore), 21st December 2021, Page-front page plus 4

# आइआइटी इंदौर में मप्र विज्ञान सम्मेलन कल से सीएम करेंगे उद्घाटन

इंदौर। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइटी) इंदौर में कल से मध्यप्रदेश विज्ञान सम्मेलन के आयोजन की शुरुआत होने जा रही है। मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान मुख्य अतिथि के रूप में इसका उद्घाटन करेंगे। उद्घाटन सत्र शाम 4.30 बजे आइआइटी इंदौर परिसर में किया जाएगा।

इस दौरान विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री ओमप्रकाश सखलेचा भी मौजूद रहेंगे। पद्म विभूषण डा. अनिल काकोड़कर, पद्मश्री प्रो. दीपक फाटक, काउंसिल आफ साइंटिफिक एंड इंडस्ट्रीयल रिसर्च (सीएसआइआर) के प्रबंध निदेशक शेखर सी. मांडे और अन्य अतिथि भी उद्घाटन सत्र में उपस्थित रहेंगे। आइआइटी इंदौर के प्रो. संतोष विश्वकर्मा का कहना है कि फिलहाल मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में आनलाइन शामिल होने के लिए कहा है, लेकिन हमने उनसे परिसर में पधारने का अनुरोध किया है। विज्ञान सम्मेलन 25 दिसंबर तक जारी रहेगा। इसमें आइआइटी और अन्य संस्थानों से कई विशेषज्ञ, शोधकर्ता और विद्यार्थी शामिल हो रहे हैं।

संस्थान कार्यक्रम को आनलाइन और आफलाइन दोनों माध्यमों से आयोजित कर रहा है। आइआइटी इंदौर के साथ एसजीएसआइटीएस और शहर के अन्य 12 निजी विश्वविद्यालयों और कालेजों में भी विज्ञान सम्मेलन के तहत संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। एसजीएसआइटीएस में विज्ञान से संबंधित प्रोजेक्ट प्रदर्शित करने के लिए प्रदर्शनी लगाई जाएगी।